संख्या–cm-585
04/12/2021

# मुख्यमंत्री ने नगर विकास एवं आवास विभाग की विभिन्न योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

- सरकार विकास के काम को और तेजी से करेगी ताकि बिहार विकसित राज्य बने :– मुख्यमंत्री

पटना, 04 दिसम्बर 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में आज नगर विकास एवं आवास विभाग की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से पटना स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत 15 योजनाओं का शिलान्यास एवं 12 योजनाओं का उद्घाटन किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत विभिन्न जिलों में 15 योजनाओं का उद्घाटन एवं कई योजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से पटना स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत 'मंदिरी नाला के विकास कार्य' योजना का भी शिलान्यास किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर विकास एवं आवास विभाग को विशेष तौर पर इस बात के लिए बधाई देता हूं कि आज विभिन्न शहरों के लिये कई योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन कराया है। उन्होंने कहा कि जब से हम लोगों को बिहार में काम करने का मौका मिला, हमलोगों ने नगरों के विकास, उनकी निरंतर प्रगति एवं सुधार को लेकर काफी प्रयास किया है। वर्ष 2005 में बिहार में सिर्फ 112 शहरी निकाय थे जो वर्ष 2021 में बढ़कर 258 हो गये हैं। 2005 में शहरी निकायों की आबादी लगभग 81 लाख 49 हजारी थी जो वर्ष 2021 में बढ़कर 1 करोड़ 58 लाख 71 हजार हो गयी है। कई नगर निगम, नगर परिषद एवं नगर पंचायतों का गठन किया गया है। इसमें ग्रामीण इलाकों को शहरी क्षेत्र में शामिल किया गया है। वर्ष 2006 में हमलोगों ने पंचायती राज चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत का आरक्षण का प्रावधान किया। वर्ष 2007 में नगर निकाय चुनाव में भी महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान कर दिया गया। एस0सी0/एस0टी0, अतिपिछड़े वर्गों के लिये भी आरक्षण का प्रावधान किया गया। अब काफी संख्या में महिला प्रतिनिधि चुन कर आ रही हैं। महिलाओं में काफी जागृति आयी है। उनकी आवाज बुलंद हुई है। पहले महिलाओं को कितना मौका मिलता था और अब कितना अधिक मौका मिल रहा है, इन सब बातों को याद रखियेगा तो अच्छे ढंग से काम करने की प्रेरणा मिलती रहेगी। नगर निकायों का काम ठीक ढंग से हो इसको लेकर काफी पदों का सृजन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले पटना का बुरा हाल था। कंकड़बाग एवं दानापुर से सचिवालय आने में काफी परेशानी होती थी। शाम के बाद कोई दानापुर जाना नहीं चाहता था। शाम होते ही पूरा इलाका बंद हो जाता था। पहले आवागमन के इंतजाम ठीक नहीं होने तथा भय के कारण शाम के बाद लोग घर से बाहर नहीं निकलते थे। अब लोग देर रात तक

भी पूरे पटना में लोग आवागमन करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि सात निश्चय कार्यक्रम के अंतर्गत हर घर तक नल का जल, हर घर तक पक्की गली नाली का निर्माण कराया गया है। हर घर शौचालय का निर्माण राष्ट्रीय योजना है जिसे हमलोगों ने भी अपने राज्य ठीक ढ़ंग से कराया है। सभी काम लगभग पूर्ण हो गये हैं, जो भी थोड़े बहुत काम बचे हुए काम हैं उसे विभाग जल्द से जल्द पूरा कराये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रेटर पटना का प्रारुप वर्ष 2013–14 में तैयार कराया गया था। उस पर तेजी से काम करें। शहरों के गंदे पानी को साफ कर गांवों में सिंचाई के लिये इसका उपयोग करने की योजना पर काम चल रहा है। स्मार्ट सिटी के तहत पटना, मुजफ्फरपुर, बिहारशरीफ एवं भागलपुर में काम चल रहा है। सही मायने में सिटी को स्मार्ट बनाने के लिए काम करना है। स्मार्ट सिटी के लिये जितने पैसों की जरूरत होगी उसे पूरा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सात निश्चय–2 के अन्तर्गत वृद्धजनों के लिये आश्रय स्थल का इंतजाम किया जा रहा है। वृद्धाश्रम के लिये एजेंसी के चयन की प्रक्रिया चल रही है। शहरों के वैसे गरीब–गुरबा जिनके पास रहने के लिये अपना घर नहीं है, उनके रहने के लिए बहुमंजिली इमारत बनानी है। शहरों में गरीब गुरबा लोगों को रहने की सुविधा मिलेगी तो वे अपने बच्चों को भी ठीक ढ़ंग से पढ़ा लिखा सकेंगे। हमलोगों ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान कुछ जगहों पर बहुमंजिली इमारत बनाकर ऐसे लोगों के लिए रहने की व्यवस्था की थी लेकिन बाद में कुछ शिथिलता आ गई, अब इस काम को तेजी से किया जाना है। उन्होंने कहा कि सभी शहरों में स्मार्ट वाटर ड्रेनेज सिस्टम को विकसित किया जायेगा ताकि शहरों में जलजमाव की समस्या न हो। सभी शहरों एवं नदी घाटों पर विद्युत शवदाह गृह एवं मोक्ष धाम का निर्माण कराया जायेगा और वहां साफ–सफाई की भी पूरी व्यवस्था रहेगी ताकि किसी को भी अपने परिजनों के अंतिम संस्कार में कोई परेशानी न हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के किसी कोने से पटना पहुंचने का लक्ष्य पहले 6 घंटे निर्धारित किया गया था जिसे पूरा करने के बाद अब 5 घंटे में पटना पहुंचने के लक्ष्य पर तेजी से काम किया जा रहा है। शहरों में जाम की समस्या से निपटने को लेकर बाईपास का निर्माण कराया जा रहा है। जहां बाईपास बनाने के लिये जगह नहीं है वहां फ्लाईओवर का निर्माण कराया जायेगा। राजधानी पटना में भी कई फ्लाईओवरों का निर्माण कराया गया है। इससे लोगों को आवागमन में सुविधा हो रही है। उन्होंने कहा कि हमने पहले ही कहा था कि किसी भी योजना का शिलान्यास तभी हमसे कराइये जब उसका काम तुरंत शुरू हो सके। खुशी की बात है कि अब शिलान्यास के साथ ही योजना का कार्यारंभ शुरु हो जाता है। उन्होंने कहा कि शिलान्यास की गयी सभी योजनाओं को निर्धारित समय पर पूर्ण करने के लिए तेजी से काम करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दो साल से कोरोना का दौर चला है। कोरोना से बचाव को लेकर केन्द्र एवं राज्य सरकार काफी राशि खर्च कर रही है। कोरोना के कारण कई गतिविधियां प्रतिबंधित थी। अब कई योजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना की तीसरी संभावित लहर को देखते हुए केंद्र की सरकार कई उपाय कर रही है और इसको लेकर कई गाइडलाइन जारी किया है। कोरोना से बचाव को राज्य सरकार अपने स्तर से सभी कदम उठा रही है लेकिन सभी को सचेत एवं सजग रहने की जरूरत है। सभी लोग मास्क का प्रयोग जरुर करें। उन्होंने कहा कि सरकार विकास के काम को और तेजी से करेगी ताकि बिहार विकसित राज्य बने।

उप मुख्यमंत्री सह नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद ने मुख्यमंत्री का स्वागत पौधा भेंटकर किया तथा नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री आनंद किशोर ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान नगर विकास एवं आवास विभाग की विभिन्न योजनाओं से संबंधित एक वृतचित्र का प्रदर्शन किया गया। पटना स्मार्ट सिटी पर आधारित एक वृतचित्र का भी प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत 12,515 लाभुकों में से सांकेतिक तौर पर 4 लाभुकों श्रीमती मंजू देवी, श्रीमती सुशीला देवी, श्रीमती संजीदा परवीन एवं श्रीमती शमीमा खातून को घर की चाभी सौंपी।

मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत लाभान्वित 479 स्वयं सहायता समूह में से सांकेतिक तौर पर 3 स्वयं सहायता समूहों, नगर निगम बेतिया से शिवगुरु आजीविका स्वयं सहायता समूह को 5 लाख रुपये का चेक, नगर परिषद नवादा के सहायता स्वयं सहायता समूह को 1.5 लाख का चेक तथा नगर परिषद मसौढ़ी के भवानी आजीविका समूह की महिलाओं को 1.5 लाख रुपये का ऋण के रुप में चेक प्रदान किया। इस योजना के अंतर्गत 479 स्वयं सहायता समूहों को 5 करोड़ 81 लाख 50 हजार की राशि ऋण के रुप में वितरित की गई।

मुख्यमंत्री ने कॉमन सर्विस सेंटर के संचालन हेतु सांकेतिक रुप से स्वयं सहायता समूह की महिला श्रीमती इंदू श्रीवास्तव एवं श्रीमती सविता कुमारी को प्रमाण–पत्र दिया। राज्य में 2,250 स्वयं सहायता समूहों द्वारा विभिन्न जिलों में कॉमन सर्विस सेंटर की शुरूआत की गयी है।

कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री सह नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद एवं नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री आनंद किशोर ने भी संबोधित किया, जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंदिरी नाला कार्यक्रम स्थल से पथ निर्माण मंत्री श्री नितिन नवीन ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री त्रिपुरारी शरण, विकास आयुक्त श्री आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, विशेष सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग श्री सतीश कुमार सिंह, नगर आयुक्त श्री अनिमेश पराशर, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे, जबकि वेब कास्टिंग के माध्यम विभिन्न जिलों से मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण एवं विधान पार्षदगण, महापौर, उप महापौर, वार्ड पार्षदगण सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, वरीय पदाधिकारीगण, लाभुक एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति जुड़े हुए थे।

******